Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-11-2006

Participants : Mehta Shri Bhubneshwar Prasad

an>

Title: Regarding shifting of staff training center of BSF from Hazaribag to Latur.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग): अध्यक्ष महोदय, मेरा जिला हज़ारीबाग पड़ता है। वहां सीमा सुरक्षा बल के स्टाफ का ट्रेनिंग सेंटर पिछले 30 सालों से भी अधिक समय से चल रहा था। इस सेंटर में हजारों लोग ट्रेनिंग के लिए आते थे। अभी 15 दिन पहले गृह मंत्री श्री शिवराज पाटिल जी के मंत्रालय के एक आदेश के कारण उस ट्रेनिंग सेंटर को वहां से हटाकर मंत्री जी के क्षेत्र लातूर में शिफ्ट किया जा रहा है। इस कारण वहां के लोगों में काफी गुस्सा है, क्योंकि वहां के हजारों किसान अपनी सब्जियां वगैरह बेचकर अपना जीवनयापन कर रहे थे और अब वे बेकार हो जाएंगे। यह ट्रेनिंग सेंटर वहां 30 सालों से शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था। यही नहीं, एक साल पहले वहां पर कस्टम, इनकम टैक्स और एक्साइज विभागों के भी स्टाफ ट्रेनिंग सेंटर्स जो चल रहे थे, उन्हें वित्त मंत्री जी के आदेश से वहां से हटा दिया गया है। अब सीमा सुरक्षा बल का स्टाफ ट्रेनिंग सेंटर भी वहां से शिफ्ट किया जा रहा है। लगता है हजारीबाग और मेरे क्षेत्र से केन्द्र सरकार भेदभाव कर रही है। मैंने कई बार मंत्री जी से मिलने की कोशिश की, लेकिन मिल नहीं पाया। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि इस बात को लेकर वहां के लोग रोज आंदोलन कर रहे हैं। अगर उस ट्रेनिंग सेंटर को शिफ्ट करने सम्बन्धी आदेश को निरस्त नहीं किया गया तो मैं आपके द्वारा केन्द्र सरकार और विशोकर गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि वहां के लोग किसी भी सामान को ले जाने नहीं देंगे, भले ही आप इसके लिए हम पर गोलियां चलाएं या और जो करना चाहते हैं वह करें। वह स्टाफ ट्रेनिंग सेंटर 30 बरस से भी अधिक समय से वहां कार्य कर रहा है इसलिए सरकार इसे नोटिस में ले और उचित कार्यवाही करे।

अध्यक्ष महोदय: आप शांति से हल निकालने की बात पर बल दें।[R10]